BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 14 जून, 2024 **थाना छतारी**

अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 02 शातिर अपराधी/तस्कर गिरफ्तार, कब्जें से भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस आदि बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14-06-2024 को स्वाट टीम देहात व थाना छतारी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए बहलोलपुर बस स्टैड के पास से 02 अभियुक्तों को भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर मुअसं- 197/24 धारा 25(6) शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. मोबीन पुत्र महबूब निवासी ग्राम भदौड़ा थाना रोहटा जनपद मेरठ
2. याकूब पुत्र नूरु निवासी करनावल थाना सरुरपुर जनपद मेरठ
   हाल पताः- खड़ौली थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ

बरामदगी-

1- 05 पिस्टल 32 बोर
2- 25 जिंदा कारतूस 32 बोर
3- 04 पिस्टल की खाली मैगजीन
4- 01 तमंचा 315 बोर
5- 01 पोनिया 315 बोर
6- 258 जिंदा कारतूस 315 बोर
7- 05 कारतूस 12 बोर
8- 02 पिट्ठू बैग

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जिनके द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वे कम दामों में अवैध पिस्टल/तमंचे खरीदकर अवैध रूप से जनपद बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली, अलीगढ, हापुड, मेरठ व अन्य जनपदों में ऊँचे दामों पर बिक्री कर तस्करी करते है। गिरफ्तार अभियुक्त मोबीन जनपद मेरठ थाना सरुरपुर के हत्या के एक मुकदमें में 12 वर्ष 06 माह जेल काट चुका है, इस मुकदमें में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई है। अभियुक्त मोबीन की जेल में जान-पहचान अपराधियों से हो गयी थी। जेल से बाहर आने के बाद उसने अन्य अपराधियों के साथ मिलकर हथियारों की अवैध तस्करी करना प्रारम्भ कर दिया। अभियुक्त याकूब गैस चूल्हा ठीक करने की आड़ में ऑन डिमांड हथियार बेचता है।

गिरफ्तार अभियुक्त मोबीन का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 78/10 धारा 302 भादवि थाना सरुरपुर जनपद मेरठ।
2. मुअसं- 79/10 धारा 25 शस्त्र अधि0 थाना सरुरपुर जनपद मेरठ।
3. मुअसं- 197/24 धारा 25(6) शस्त्र अधि0 थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त याकूब का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 121/07 धारा 323/324 भादवि थाना सरुरपुर जनपद मेरठ।
2. मुअसं- 197/24 धारा 25(6) शस्त्र अधि0 थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात –

1. श्री संजय वर्मा प्रभारी स्वाट टीम देहात
2. उ0नि0 वरुण शर्मा, है0का0 महेश कुमार, है0का0 निकुंज कुमार, है0का0 अरुण, है0का0 सरमेन्द्र कुमार, का0 मनीष, का0 रोहित कुमार, का0 आकाश कुमार

गिरफ्तार करने वाली छतारी पुलिस टीम –

1. श्री भूपेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना छतारी
2. उ0नि0 अशोक कुमार, है0का0 अरुण कुमार, है0का0 संजय कुमार, का0 गगन कुमार, का0 जितेन्द्र भगौर

मीडिया सेल बुलंदशहर